राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा/2026/ दिनांक:

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

विषयः– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत Internship के आयोजन के संबंध में।

संदर्भः– पत्र क्रमांकः परीक्षा/2025/1589 दिनांक 17.11.2025, परीक्षा/2025/1787 दिनांक 17.12.2025, परीक्षा/ 2026/1727 दिनांक 27.02.2026, परीक्षा–4– अ/ब/2026/1289 दिनांक 02.05.2026 एवं परीक्षा–4 –अ/ब/2026/2081–2084 दिनांक 05.06.2026

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 से स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 लागू की जा चुकी है। इस नीति के तहत स्वयंपाठी एवं नियमित (Non-Collegiate & Regular) विद्यार्थियों को स्नातक सेमेस्टर उपाधि पूर्ण करने हेतु Internship करना अनिवार्य है। Internship की प्रक्रिया पूर्ण करवाने हेतु आपके महाविद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करना सुनिश्चित करें।

वर्तमान सत्र में सेमेस्टर पंचम् एवं षष्ठम् के नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों को दिनांक 30.06.2026 तक Internship पूर्ण करना आवश्यक है। आपके केन्द्र पर जिन स्वयंपाठी विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करवाया गया है। उनका प्रक्रियानुसार Internship हेतु पंजीकरण कर Internship करने के लिए संबंधित संस्था/केन्द्र आवंटित करें। Internship की अवधि 120 घंटे निर्धारित है। जिसका प्रमाण पत्र समस्त दस्तावेजों सहित आपके महाविद्यालय/केन्द्र पर जमा होगा तथा जिसे महाविद्यालय के नोडल अधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत आयोजित होने वाली Internship की प्रक्रिया हेतु विश्वविद्यालय नोटिफिकेशन–35 एवं 38 का आवश्यक रूप से अवलोकन करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

Sd –
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा/2026/1392–96 दिनांक: 08.6.2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयोजक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. अतिरिक्त कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. समस्त सहायक कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. वरिष्ठ निजी सहायक, कुलगुरू/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

8/6/26
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)